## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–05.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के लिए स्क्रूटिनी के बाद चतरा से 23, कोडरमा और हज़ारीबाग़ सीट से 17 प्रत्याशी चुनावी मैदान में, गांडेय उपचुनाव के लिये 11 नामांकन पाए गये सही ।**
2. **पूर्व बागी विधायक बंसत लौंगा को झामुमो ने किया पार्टी से निष्कासित, खूंटी से लड़ रहे चुनाव ।**
3. **बड़गाईं अंचल जमीन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ज़मानत पर बहस पूरी, 10 मई को पीएमएलए कोर्ट की विशेष अदालत सुनाएगा फैसला।**
4. **मौसम विभाग ने राज्य में कल से तापमान में गिरावट का दिया संकेत, निम्न दबाव बनने से कई हिस्सों में होगी हल्की बारिश।**
5. **राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में कल झारखंड ने ओडिशा को पेनल्टी शूटआउट में 4–3 से हराया ।**

*******************

राज्य में लोकसभा सीट के लिए अबतक गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में अरसठ प्रत्याशियों ने नामांकन दर्ज किया है। इनमें से सबसे ज्यादा जमशेदपुर से बीस, धनबाद से अठारह, रांची से सत्रह और गिरिडीह से तेरह प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की गई। इसके बाद चतरा से आठ, हजारीबाग से दो और कोडरमा से एक प्रत्याशी का नामांकन रद्द किया गया है। इस तरह अब 57 प्रत्याशी चुनाव के मैदान में हैं। इधर गांडेय उपचुनाव के लिये 11 नामांकन सही पाए गये ।

*******************

खूंटी लोकसभा से चुनाव लड़ रहे झामुमो के पूर्व विधायक बंसत लौंगा को झामुमो ने छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। पार्टी की ओर से कहा गया है कि बसंत लौंगा ने खूंटी लोकसभा क्षेत्र से नामांकन कर गठबंधन धर्म के विपरीत कार्य किया है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के आदेश पर उन्हें पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है।

*******************

रामगढ़ जिले में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर उपायुक्त चंदन कुमार ने जिले में शत–प्रतिशत मतदान को लेकर मतदाता जागरूकता कायक्रम को लेकर कई दिशा निर्देश दिये हैं। इसके अंतर्गत स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कोषांग को कई प्रतियोगिताएं और मतदान से संबंधित कार्यक्रम आयोजन करने हैं। इस क्रम में नोडल पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के निर्देशन में महर्षि परमहंस बीएड कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को वोट करने की शपथ दिलायी गई। साथ ही अपने आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा गया। इसके अलावा सात मई को संध्या छह बजे से आठ बजे तक आयोजित महा अभियान में शामिल होने और अपने–अपने सोशल साइट पर मतदाता जागरूकता सेल्फी के साथ हैश टैग – मैं भी एलेक्शन ऐंबेसडर के साथ कंटेंट अपलोड करने की अपील की गई।

*******************

बड़गाईं अंचल जमीन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ज़मानत याचिका पर बहस पूरी हो गयी है। अब 10 मई को पीएमएलए कोर्ट की विशेष अदालत अपना फैसला सुनाएगी। कल ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इसमें बचाव पक्ष और ईडी की ओर से लिखित बहस जमा किया गया था। इसके पूर्व पिछले महीने की 30 तारीख को हेमंत सोरेन की जमानत पर दोनों पक्षों की ओर से बहस की गई थी। इस मामले में अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी ईडी ने गिरफतार कर चार्जशीट दाखिल किया है।

*******************

हजारीबाग जिले के एनडीए प्रत्याशी मनीष जयसवाल ने कल चुरचु प्रखंड के लगभग 27 गांवों का चुनावी दौरा किया। प्रत्याशी मनीष जयसवाल ने कहा कि उन्हें लोगों का पूरा समर्थन मिल रहा है और वे उनकी आकांक्षों के प्रति खरे उतरेंगे।

*******************

गोड्डा जिले की कझिया नदी और सुंदर डैम को गंगा नदी से जोड़ने के प्रोजेक्ट की मंजूरी भारत सरकार ने दे दी है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हैं हमारे संवाददाता

*******************

गिरिडीह जिले में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कल मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किया। इसमें उन्होंने रोटरी क्लब, चेंबर ऑफ कॉमर्स, शिक्षकों और कई संस्थाओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों से सुझाव भी मांगे।

*******************

राज्य में कल से बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम बंगाल के तराई क्षेत्र और असम के उपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन बन रही है। इससे झारखंड के मौसम में बदलाव की संभावना है। वहीं कहीं–कहीं तेज हवा के साथ हल्की बारिश की भी संभावना जताई गई है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में आठ से दस मई तक बारिश के आसार बन रहे हैं। इधर मौसम विभाग ने आज गोडडा, पाकुड़, बोकारो, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला में हीट वेव को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है।

*******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां** –

राजधानी से छपने वाले लगभग सभी अखबारों ने आज देश दुनिया की खबरों के साथ–साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई झारखंड के चुनावी दौरे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** ने अपने पहले पन्ने पर लिखा है–पलामू व सिसई की चुनावी सभा में उमड़ी भीड़, पीएम की विपक्ष के खिलाफ हुंकार–लव जिहाद और लैंड जिहाद के बाद अब वोट जिहाद चला रही है कांग्रेस।

**हिन्दुस्तान अखबार** ने अपने पहले पन्ने की हेड लाइन पीएम मोदी के हवाले से बनाते हुए लिखा है – धर्म आधारित आरक्षण मरते दम तक नहीं।

**दैनिक भास्कर** की हेडलाइन है – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की पलामू और गुमला में सभा कहा– चांदी के चम्मच से खाने वाले भला गरीबों की पीड़ा क्या समझेंगे।

**दैनिक जागरण** ने अपनी हेडलाइन बनायी है –पीएम मोदी के विरूद्ध चुनाव आयोग की शरण में झामुमो।

**रांची एक्सप्रेस** ने लिखा है– भ्रष्टाचारियों पर कानून का डंडा चलेगा–मोदी

**टाइम्स ऑफ इंडिया** की हेड लाइन है – जेडीएस सांसद रेवन्ना दुष्कर्म और अपहरण से जुड़े मामले में गिरफतार ।

और **हिन्दुस्तान टाइम्स ने** लिखा है – केंद्र सरकार ने प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाया।

*******************

रांची के मोराबादी स्थित जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के कल रात खेले गये अंतिम मुकाबले में झारखंड और ओड़िसा के बीच हुआ। इसमें झारखंड ने ओडिशा को पेनल्टी शूटआउट में 4–3 से हराया ।

******समाप्त********